Regarding need to utilize the land of closed cement plant and the adjacent dilapidated residential colony in Dharsiwa block in Raipur Parliamentary Constituency for setting up heavy industrial unit-laid

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर)**:** मेरे लोक सभा क्षेत्र रायपुर अंतर्गत ग्राम मांढर विकासखंड धरसींवा अंतर्गत सीमेंट कार्पोरेशन आफ इंडिया का सीमेंट प्लांट संचालित था । वर्तमान में उक्त सीमेंट प्लांट बंद है । सीमेंट प्लांट एवं उससे लगी कर्मचारियों के निवास के लिए बनाई गई कालोनी वर्तमान में अत्यंत जर्जर स्थिति में है । उक्त क्षेत्रफल लगभग 200 एकड़ भूमि की है । आज जब रायपुर जो कि छत्तीसगढ़ की राजधानी है, में भूमि की दर उच्चतम स्तर पर है एवं भूमि की कमी भी है, उक्त स्थिति में उक्त 200 एकड़ में फैला सीमेंट प्लांट एवं कालोनी का किसी तरीके का उपयोग नहीं हो रहा है । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त भूमि का उपयोग अन्य किसी वृहद उद्योग के लिए किया जावे, जिससे कि उक्त क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे अथवा इस संबंध में अन्य कोई नीतिगत निर्णय लिया जावे, जिससे कि केन्द्र सरकार की रिक्त भूमि से सरकार को राजस्व प्राप्त हो सके ।